आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 05.10.2023

मुख्य समाचारः–

1– केंद्रीय सूचना, प्रसारण और युवा कार्यक्रम तथा खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज रायपुर में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का किया शुभारंभ–उन्होंने खेलो इंडिया अभियान के तहत रायपुर में दो केन्द्र स्थापित करने की घोषणा भी की।

2– अपने रायपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भाजपा द्वारा तैयार मोबाइल ऐप का किया शुभारंभ–इसमें छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के करीब छब्बीस हजार करोड़ रूपये से अधिक के कथित घोटालों का ब्यौरा दिया गया है।

3– मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर के शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय परिसर में स्वाधीनता सेनानी डॉक्टर महादेव प्रसाद पांडेय और समाजसेवी नारायण प्रसाद अवस्थी की प्रतिमा का किया अनावरण।

4– रायपुर जिले के धनेली गांव में शुरू हुआ राज्य में पंद्रह वर्ष से अधिक पुरानी पंजीकृत गाड़ियों का पहला कबाड़ केंद्र।

केंद्रीय मंत्री–युवा उत्सव

केंद्रीय सूचना, प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज रायपुर में नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विश्व में भारत के सॉफ्ट पावर को और मजबूत बनाना है। यह काम खेल, संस्कृति और सिनेमा के माध्यम से हो सकता है।

श्री ठाकुर ने कहा कि चीन में हो रहे एशियाई खेलों में भारत के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, नशामुक्ति जैसे किसी एक क्षेत्र को चुनकर संकल्प लें, कि अगले पच्चीस वर्षों तक उस क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपना हरसंभव योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं के योगदान से ही वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में खेलो इंडिया अभियान के तहत दो केन्द्र स्थापित करने की घोषणा भी की। इन केन्द्रों में दो खेलों के प्रशिक्षण की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित युवाओं को अमृत काल के पांच प्रण की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर श्री ठाकुर ने नेहरू युवा केन्द्र के युवा गोठ कार्यक्रम का शुभारंभ करने के साथ ही केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी और सुशासन से संबंधित योजनाओं पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राज्य के पूर्व मंत्री महेश गागड़ा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य निदेशक श्रीकांत पांडेय ने स्वागत भाषण दिया।

राजधानी रायपुर में यह दो दिवसीय युवा उत्सव, अमृत काल के पांच प्रण के उद्देश्य पर आयोजित किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री–मीडिया ऐप लोकार्पण

अपने रायपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा द्वारा तैयार एक मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। इस मोबाइल ऐप में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के करीब छब्बीस हजार करोड़ रूपये से अधिक के कथित घोटालों का ब्यौरा दिया गया है। इसमें कथित शराब घोटाला, पीडीएस घोटाला, पीएससी घोटाला, गौठान घोटाला, कोयला घोटाला सहित अन्य कथित आर्थिक अनियमितताओं को वीडियो फिल्मों और कॉर्टूनों के जरिये बताया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने जनता से किए वादे पूरे नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों के दौरान देश में छत्तीसगढ़ की पहचान भ्रष्टाचार और घोटालों वाले राज्य के रूप में बनी है।

इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, विधायक बृजमोहन अग्रवाल और पूर्व मंत्री राजेश मूणत सहित भाजपा के अनेक नेता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री–प्रतिमा अनावरण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय परिसर में स्वाधीनता सेनानी डॉक्टर महादेव प्रसाद पांडेय और समाजसेवी नारायण प्रसाद अवस्थी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्वाधीनता सेनानी राज्य के गौरव हैं। इन सेनानियों ने दधीचि की तरह आत्मदान कर देश को गुलामी से मुक्ति दिलाई। श्री बघेल ने कहा कि पद्मश्री स्वर्गीय डॉक्टर महादेव प्रसाद पांडेय तो तेरह साल की छोटी सी आयु में ही आजादी के आंदोलन में शामिल हो गए थे। इसी तरह, समाजसेवी स्वर्गीय नारायण प्रसाद अवस्थी ने आयुर्वेद की शिक्षा के विकास के लिए अपनी मालगुजारी के पांच गांव दान में दे दिए थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दोनों दिवंगत महापुरूषों के परिजनों से मुलाकात भी की। उन्होंने मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी आश्रय योजना के हितग्राहियों को पट्टा वितरण किया। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय–सम्मेलन

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय के रायपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आज पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण के प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय कार्यालय के उप महानिदेशक रोशनलाल साहू ने कहा कि यह सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण अभियान है, जिसके जरिये देश के आर्थिक विकास के लिए नीति–निर्धारण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में होने वाले सर्वेक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्र में एक सौ साठ और शहरी क्षेत्र में एक सौ बीस सैंपल लिए जाएंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि आंकड़ों की गुणवत्ता इस सर्वेक्षण में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, क्योंकि इसी के आधार पर भविष्य की नीतियां और कल्याणकारी योजनाएं बनाई जाएंगी।

वाहन कबाड़ केन्द्र

राज्य में पंद्रह वर्ष से अधिक पुरानी पंजीकृत गाड़ियों का पहला कबाड़ केंद्र रायपुर जिले के धनेली गांव में शुरू हो गया है। परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज इस केन्द्र का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा सभी सरकारी विभागों में पंद्रह वर्ष से ज्यादा पुरानी सभी गाड़ियो को कबाड़ में बदलने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। इसके तहत अब सरकारी विभागों में पंद्रह वर्ष से ज्यादा पुरानी गाड़ियों को धनेली स्थित केन्द्र में कबाड़ के रूप में जमा कराया जाएगा।

इस मौके पर परिवहन मंत्री श्री अकबर ने कहा कि पंजीकृत कबाड़ केन्द्र में अपनी पुरानी गाड़ियों को जमा कराने के बाद नये गाड़ी ख़रीदने पर परिवहन शुल्क में पच्चीस प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके लिए कबाड़ केन्द्र से ऑनलाइन प्रमाण–पत्र दिया जाएगा, जो छत्तीसगढ़ के सभी ऑटोमोबाइल बिक्री केन्द्रों में मान्य होगा। इस केन्द्र का संचालन मेटल कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा किया जाएगा।

कार्यशाला

राज्य में छत्तीसगढ़ी भाषा के साथ ही आदिवासी बोलियों को पहली से पांचवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में एक विषय के रूप में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एससीईआरटी के संचालक राजेश सिंह राणा ने रायपुर में हुई कार्यशाला में कही। उन्होंने बताया कि एससीईआरटी ने छत्तीसगढ़ी भाषा और गोण्डी बोली में प्राथमिक कक्षाओं की पाठ्य–पुस्तकें तैयार करने के लिए प्रारंभिक तैयारी शुरू कर दी है। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त संचालक जयप्रकाश रथ ने कहा कि मातृभाषा या स्थानीय बोली में प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होने से बच्चों को विषय का ज्ञान देना सरल हो जाता है। कार्यशाला को भाषाविद् डॉक्टर चितरंजन कर और महेंद्र मिश्रा ने भी संबोधित किया।

नेतानार–लोकगीत प्रतियोगिता

वन्यजीव सप्ताह के उपलक्ष्य में कल कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के नेतानार गांव में लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शहीद गुण्डाधुर स्मारक स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में एकल और समूह वर्ग में सत्ताईस प्रदर्शन किए गए, जिसमें एकल गायन में सोनूराम नाग और महादेव नाग को विजेता घोषित किया गया। समूह गायन में जगरनाथ और उनके साथियों ने पहला स्थान प्राप्त किया। इन दोनों वर्गों में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। वहीं वाद्य संगीत में बैशाकू ने पहला स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गनवीर ने कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि इसमें स्थानीय लोगों की भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले लोगों को जागरूक बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

गिरधारी नायक–मानवाधिकार आयोग

प्रदेश के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी गिरधारी नायक को छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग में सदस्य के रूप में दोबारा नियुक्ति दी गई है। सदस्य के रूप में उनकी पहली नियुक्ति का कार्यकाल पिछले वर्ष सोलह नवंबर को समाप्त हो गया था। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज उन्हें सदस्य के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए नियुक्ति दे दी है।

इस बीच, आयोग के अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद अध्यक्ष के पद पर नियमित नियुक्ति नहीं की गई है। इस आधार पर सबसे वरिष्ठ सदस्य होने के कारण जल्द ही गिरधारी नायक को आयोग के प्रभारी अध्यक्ष का प्रभार भी दिया जा सकता है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर
मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती के बलिदान को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि गोंडवाना साम्राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

– छत्तीसगढ़ के जाने–माने समाज सुधारक स्वामी आत्मानंद की कल जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

– राज्य शासन ने डॉक्टर प्रवीण वर्मा को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, संतकुमार नेताम को आयोग का सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

– राज्य सरकार ने इक्कीस उप पुलिस अधीक्षकों का तबादला करते हुए उनकी नई पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए हैं।

– छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा और उर्दू अदीब, उर्दू माहिर प्रमाण–पत्र परीक्षा के आवेदन पत्र अब इकतीस अक्टूबर तक जमा किए जा सकेंगे।

– जिला रोजगार और स्व–रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर में कल छह अक्टूबर को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से दो सौ पैंतीस पदों पर भर्ती की जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>